राजधानी
वर्ष 12 | अंक 106 | पृष्ठ : 20+8=28
मूल्य : चार रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
शनिवार, 12 अक्तूबर 2019

लक्ष्य | केंद्रीय मंत्री बोले, हर घर को मिलेगी 24 घंटे बिजली, कटौती पर मुआवजा...10 | उत्तर प्रदेश

my city अमर उजाला

08

सूर्योदय सुबह 6.04
सूर्यास्त शाम 5.42

33.9° temperature 21.5°

शनिवार | 12.10.2019
आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, विक्रम संवत 2076
lucknow.amarujala.com
लखनऊ

गोमतीनगर में हुसड़िया से ग्वारी के बीच निखरने लगी सड़क

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। राजधानी की सड़कें खूबसूरत दिखें। लोग यहां घूमने के साथ सेल्फी ले सकें, इसके लिए नगर निगम के पार्षद और कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने पहल की है।

गोमतीनगर में हुसड़िया से ग्वारी चौराहे के बीच पेट्रोल पंप के सामने 200 मीटर तक सड़क का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इससे सड़क की सुंदरता बढ़ती जा रही है।

सौंदर्यीकरण के तहत जहां पेड़ों को पेंट कर नया लुक दिया जा रहा है, वहीं साइकिल ट्रैक को उपयोगी बनाने का भी प्रयास होगा।

इसके लिए ट्रैक के दोनों तरफ खाली जगह की लैंडस्केपिंग होगी। इस पर करीब नौ लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे 200 मीटर तक जहां पेड़ों पर खूबसूरत पेंटिंग दिखेंगी तो लैंडस्केपिंग को तार से घेरने की जगह खूबसूरत जाली से ढकी जाएगी। लैंडस्केपिंग में रंगीन एलईडी लाइटों का इस्तेमाल कर जानवरों की मूर्तियां लगाई जाएंगी।

हुसड़िया से ग्वारी के बीच की सड़क के किनारे लगे पेड़ों को मोटू-पतलू के कार्टून के अलावा आकर्षक पेंटिंग से नया लुक दिया गया है।

09 लाख किए जाएंगे खर्च

साइकिल ट्रैक के दोनों तरफ खाली जगह की होगी लैंडस्केपिंग

आप भी दे सकते हैं डिजाइन के सुझाव

सड़क का सौंदर्यीकरण करवा रहे सुनील परदल ने बताया कि इस काम में आर्ट्स के छात्रों की मदद ली जा रही है। वहीं, आम लोगों के सुझावों पर पेड़ों के तनों पर पेंटिंग उकेरी जा रही हैं। मोटू-पतलू के कार्टून से लेकर रंगों का चयन तक जनता के सुझाव पर होगा। टीम को आप भी सुझाव देकर पेंटिंग की डिजाइन तय करा सकते हैं।

...तो दूसरी जगह भी संवरेगी सड़क

कार्यकारिणी उपाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी का कहना है कि वन विभाग से पहले बात कर पेड़ों पर पेस्ट कंट्रोल कराया गया। इसके बाद पेंट में जरूरी बदलाव कर उपयोग किया जा रहा है। इससे पेड़ों की जिंदगी और बढ़ेगी। लोगों को यह प्रयोग पसंद आया तो गोमतीनगर स्टेशन रोड पर विनयखंड में भी ऐसी ही सड़क तैयार कराई जाएगी। मेयर संयुक्ता भाटिया भी इस प्रयोग को पसंद कर चुकी हैं। ऐसे में बाकी जगहों पर भी ऐसी सड़कें बनाई जा सकती हैं।